
**खास-खबरें**

## वीयू में कुलगुरू प्रो. मनदीप शर्मा मीडिया कर्मियों से मिले



**जबलपुर।** आज दिनांक को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के सभागार में प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बंधुओ से वि.वि.के माननीय कुलगुरू प्रो. मनदीप शर्मा द्वारा आत्मीय मुलाकात की गई है। उन्होंने विवि में चल रहे शिक्षण अनुसंधान एवं विस्तार के कार्यों को साझा किया गया, साथ ही विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं की उपलब्धियां को साझा किया। विवि में आगामी किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया । इस अवसर पर प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकार बंधु, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे, सहायक कुलसचिव,डॉ. राम किंकर, कुलसचिव निजसचिव सतीश दुबे,कैमरामैंन ट्विंकल रैकवार, बालक दास राजपूत एवं उपस्थित रहे।

## जीवन ज्योति में 11021 और जीवन सुरक्षा योजना में 17476 हितग्राहियों के हुए पंजीयन

विदिशा (निप्र)। प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने हेतु जिले की सभी ग्राम पंचायतों में षिविरों के आयोजन कर हितग्राहियों के पंजीयन जारी हैं। जिले मे अब तक 525 ग्राम पंचायतों में जन सुरक्षा कैंप लगाये जा चुके हैं। इनमें जीवन ज्योति बीमा योजना में 11021 हितग्राहियों एवं जीवन सुरक्षा योजना में 17476 हितग्राहियों के पंजीयन हुए हैं।

## आज व्यापार महासंघ के चुनाव का मतदान

गंजबासौदा। व्यापार महासंघ के चुनाव सर गर्मी से चल रहे हैं पदाधिकारी के चुनाव के लिए मतदान की तारीख 5 जनवरी मुकर्रर है व्यापार महासंघ में 220 सदस्य मतदाता हैं यह मतदाता 48 व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि के रूप में इस व्यापार महासंघ के सदस्य हैं।

## प्रेस क्लब का स्नेह सम्मेलन सम्पन्न

गंजबासौदा। नगर के नवनिर्माण अधीन पत्रकार भवन में प्रवेश क्लब का स्नेह मिलन समारोह संपन्न हुआ जिसमें पत्रकार साथियों ने पत्रकार भवन की रूपरेखा पर अपने सकारात्मक सुझाव दिए जिसको लिपिबद्ध किया गया तथा आने वाले समय में पत्रकार भवन के उपयोग तथा व्यवस्था हेतु समिति के चयन के संबंध में भी चर्चा हुई।

# केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री जोशी और प्रदेश के ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने फ्लोटिंग सोलर परियोजना का किया निरीक्षण



**खंडवा।**

ओम्कारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना मध्य प्रदेश की प्रथम, देश की सबसे बड़ी तथा विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं में से एक है। इस फ्लोटिंग सोलर परियोजना का शनिवार को केन्द्रीय मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रहलाद जोशी एवं म.प्र. के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने निरीक्षण किया।

इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक क्रांति हो रही है इस क्षेत्र में भारत विश्व गुरु बन रहा है उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर में स्थित फ्लोटिंग सोलर प्लांट से अभी 278 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है इस प्रोजेक्ट से दिल्ली मेट्रो को भी बिजली देने का कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि यह एक अनोखा प्रोजेक्ट है और देश में कई जगह ये किया जा सकता है देश में इस क्षेत्र में 90 गीगावॉट् की संभावना है और इसको बढ़ावा देने के लिए पूर्ण प्रयास किया जायेगा उन्होंने कहा कि ऊर्जा विशेषज्ञों को यहाँ आकर देखना चाहिए और जहां संभावना है इस तरह के प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू करना चाहिए जिससे अत्यधिक मात्रा में बिजली का उत्पादन हो सके। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावॉट और 2047 तक 1800 गीगावॉट बिजली का उत्पादन करना है उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है उन्होंने बताया कि अपतटीय पवन,ज्वारीय ऊर्जा,भू-तापीय ऊर्जा आदि के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना का निर्माण मध्यप्रदेश को विश्वपटल पर नवाचार एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में स्थापित करेगा।

केन्द्रीय मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रहलाद जोशी एवं म.प्र. के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में विश्व प्रसिद्ध ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा ओंकार से देश की जनता की सुख, समृद्धि एवं तरक्की की कामना की। इसके अलावा उन्होंने ममलेश्वर मंदिर में दर्शन कर जलाभिषेक किया।

इस दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, मांधाता विधायक नारायण पटेल, ए.सी.एस. मनु श्रीवास्तव, कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौडा, पुनासा एस.डी.एम. शिवम प्रजापति सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## राष्ट्रीय बौद्ध महासभा ने सावित्री बाई फुले का मनाया जन्मदिन



**सीहोर।**

शहर में भारत की पहली महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 194 जयंती के मौके पर राष्ट्रीय बौद्ध महासभा द्वारा बाबासाहेब अंबेडकर धर्मशाला सीहोर में जन्मदिन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघप्रिय कमलेश दोहर धम्म सेवक संघ के राष्ट्रीय संयोजक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे और उन्होंने माता सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस जमाने में महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था।

उन्होंने बालिका शिक्षा को लेकर 52 स्कूल खोलें और महिलाओं को पढ़ने के लिए प्रेरित किया जिसका परिणाम है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में बराबर आकर खड़ी हो गई हैं ऐसी त्याग की देवी के बारे में भारत की हर महिला को जानना जरूरी है सावित्रीबाई फुले कहती थी कि मैं जिनके बच्चों को पड़ता रही उनके ही पलक मेरे ऊपर गोबर फेंकते रहे इस अवसर पर राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष एस एल बौद्ध एवं कई जिम्मेदार पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

सावित्रीबाई फुले की जयंती बड़े हर्ष और उल्लास से मनाई गई जिसमें बड़ी महिलाओं ने भी हिससा लिया और शिक्षा के लिए सावित्रीबाई फुले द्वारा किए कार्यों और उनके जीवन संघर्षों पर सभी ने अपने विचार व्यक्त किए साथ ही वरिष्ठ पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आर आर मालवीय जी की शासकीय सेवा निवृत्त होने पर सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से, कुसुम, मोनिका भास्कर, लक्ष्मी दोहरे, सरिता, निर्मला, सुशीला दोहरे ,डी आर सागर,एन पी सागर फ़ौजी,नीरज जाटव, हरिओम बौद्ध, धनराज थरेले, लाड़ सिंह उपस्थित थे।

## चतुर्थी का चांद और शुक्र ग्रह बेहद करीब नजर आए

उज्जैन। कड़ाके की सर्दी के बीच शुक्रवार रात शहर के आसमान पर चंद्रमा और शुक्र ग्रह के करीब से मिलन का अद्भुत नजारा खगोलीय घटना के रूप में नजर आया। इस दौरान चंद्रमा और शुक्र ग्रह में केवल 1 अंश और 14 कला का अंतर रह गया था। यह नजारा बेहद खूबसूरत था। वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि शुक्रवार की रात पश्चिम दिशा में चतुर्थी के चंद्रमा और शुक्र ग्रह की युति का खूबसूरत नजारा आसमान में दिखाई दिया। इस दौरान चंद्रमा कुंभ राशि में 28 अंश 26 कला पर था और शुक्र ग्रह मीन राशि में शून्य अंश और आठ कला पर पहुंच गया था। इसके कारण चंद्रमा एवं शुक्र में अंशात्मक अंतर केवल एक अंश और 42 कला का रह गया था। दूरी कम होने के कारण दोनों ग्रह एक दूसरे के बेहद पास-पास नजर आ रहे थे और खूबसूरत दिखाई दे रहे थे। उन्होंने यह



भी बताया कि आम तौर पर सूर्य के अस्त होने के बाद पश्चिमी आकाश में शुक्र ग्रह अपनी अधिक चमक के कारण चंद्रमा के करीब दिखाई देता है। जब चंद्रमा आधा होता है, तो यह दृश्य और सुंदर दिखाई देता है। शुक्रवार शाम 7 बजकर 25 मिनट से चंद्रमा और शुक्र ग्रह की यह युति आसमान में साफ दिखाई देने लगी थी।

## प्रयागराज की मंडली द्वारा रामलीला का मंचन

**गंजबासौदा।** श्री राम कथा रामलीला मंडल प्रयागराज द्वारा वार्ड क्रमांक 13 चक्र स्वरूप नगर गंगा गार्डन स्थित हनुमान मंदिर परिसर में रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला का मंचन प्रतिदिन शाम 7 बजे से 10 बजे तक किया जा रहा है। रामलीला के विभिन्न पात्र संगीत में राम कथा के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। रामलीला का आयोजन 11 जनवरी तक किया जाएगा। रामलीला मंडल प्रयागराज के महंत चंद्रिकादास महाराज ने बताया कि उनकी रामलीला में 12 कलाकार हैं जो रामायण के विभिन्न पात्रों का सजीवता के साथ बखूबी मंचन कर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन जाते है।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरों के माध्यम से नागरिकों को मिल रहा योजनाओं का त्वरित लाभ

**रायसेन।**

**मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शनिवार को बाड़ी जनपद की ग्राम पंचायत धौखेड़ा में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बाड़ी जनपद अध्यक्ष, कलेक्टर श्री अरविंद दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधी और अधिकारी भी सम्मिलित हुए।**

शिविर में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने उपस्थित ग्रामीणों को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान तथा शिविर आयोजन के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि शासन द्वारा विभिन्न



हितग्राहीमूलक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिले में योजनाओं के लाभ से शेष रहे हितग्राहियों को मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरों के माध्यम से गॉव में ही योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यहां शिविर में कई विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों से आवेदन लेते हुए उनका निराकरण किया जा रहा है। जो भी ग्रामीण पात्र होने के बाद भी योजनाओं का लाभ लेने से छूट गए हैं, वह यहां आवेदन दें। जिससे कि उन्हें भी योजनाओं का लाभ मिले। शिविर में आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, खसरा-खतौनी की नकल सहित अन्य योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए।

## यात्री बसों में सुरक्षा के इंतजामों की हो रही अनदेखी

**उज्जैन।**

देवास गेट तथा नानाखेड़ा बस स्टेण्ड से रोजाना 200 से अधिक यात्री बसों का संचालन हो रहा है। इनमें ज्यादातर बसों में यात्रियों के आपातकालीन परिस्थिति में बाहर निकलने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। ज्यादातर बसों में केवल एक ही दरवाजा है। आपातकालीन व्यवस्था के लिए खिड़कियां भी नहीं है। आरटीओ और यातायात पुलिस विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि धार्मिक नगरी उज्जैन में महाकाल लोक बनने के बाद से पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है। स्थानीय लोग भी हजारों की संख्या में रोज उज्जैन से बाहर आना-जाना करते हैं। इनमें आंचलिक रूट की बसों के अलावा उज्जैन-देवास तथा उज्जैन -इंदौर रूट की भी सैंकड़ों बसें चलती है। इस रूट पर चलने वाली अधिकांश बसें तेज गति से दौड़ाई जाती है। तय सुरक्षा मापदंडों के अनुसार बसों में आपात स्थिति के दौरान यात्रियों को बाहर निकलने की व्यवस्था होनी चाहिए। इनमें दो दरवाजे अथवा एक आपातकालीन खिडक़ी बस में होना चाहिए, परंतु इंदौर, उज्जैन और देवास रूट की बसों में अधिकांश में केवल एक ही दरवाजा बसों में नजर आ रहा है।

## दिव्यांगजनों के लिए जबलपुर में पहली बार लगाया जाएगा कैंप

**जबलपुर।**

सरदार वल्लवभाई पटेल सामुदायिक भवन, श्री गुजराती मंडल में 9,10 व 11 जनवरी 2025 को जबलपुर में पहली बार श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति(बी एम वी एस एस) जयपुर के साथ नई दिल्ली ब्रांच एवं जबलपुर सामाजिक



संस्थाओं द्वारा यह तीन दिवसीय निःशुल्क फिटमेंट एवं वितरण कैंप लगाया जा रहा है। उक्त जानकारी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एसके सिंह ने दी।

श्री सिंह ने बताया कि कैंप में कृत्रिम अंग, कैलिपर और अन्य सहायक उपकरण जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क लगाए जाएंगे एवं दिए जाएंगे। जयपुर फुट कैंप में 15 से अधिक डॉक्टरों की टीम जबलपुर आएगी। कांफ्रेंस में दर्शन रावल,डॉ राकेश कुमार, डॉ हेमा साहू,दिनेश वीरा,पीयूष जैन,गिरीश कुमार उपस्थित थे उन्होंने बताया अभी तक 372 के लगभग रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। निःशुल्क सेवा प्राप्त करने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। रजिस्ट्रेशन और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए संपर्क करें -7566656665

## भारत की पहली महिला शिक्षिका की जयंती मनाई

गंजबासौदा। शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई कार्यक्रम का संचालन नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्री वाई फुले ने पति के सहयोग से पुणे में भारत का पहला महिलाओं के लिए स्कूल खोला उस समय महिलाओं की शिक्षा की वकालत करने के कारण उन्हें सामाजिक रूप से बहिष्कृत कर दिया गया था सावित्रीबाई ने तमाम बाधा ओ के बावजूद सभी महिलाओं को शिक्षित करने के लिए दृढ संकल्प लिया और अपने कार्यकाल में उन्होंने पूरे देश में 18 स्कूल स्थापित किये।

## कार्यपालन यंत्री एके पंथी ने किए जरुरतमंदों को कंबल वितरित



सीहोर। शुक्रवार को म.प्र. पंचायत एवं ग्रामीण विकास अभियंता संघ जिला सीहोर के अध्यक्ष महेन्द्र तिवारी एवं ए.के. पंथी कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीहोर द्वारा भगवान श्री चिंतामन गणेश मंदिर, रैन बसेरा, वृद्धा आश्रम पहुंचकर जरुरतमदों को कडक़ती ठंड से बचने के लिए कंबलों का वितरण किया गया। इस पुनित कार्यक्रम में अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से शुभम रहांगडाले, सहायक यंत्री, कु0 एकता वर्मा, राहुल भिड़े, श्रीमती पायल ठाकुर, उपयंत्री शशि कुमार झा, आशीष सक्सेना, किरण सिंह, दिशा मेहतो उपस्थित थे।

## कोहरा छाने के बाद निकली धूपः न्यूनतम तापमान 5 डिग्री, अगले दो दिन मिलेगी ठंड से राहत

सीहोर। जिले में शनिवार सुबह आधे घंटे तक कोहरा छाया रहा, इसके बाद धूप निकली। हालांकि, कड़ाके का ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। शनिवार को क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि, नए साल के पहले दिन से लगातार तीन दिनों तक सीहोर जिले में सुबह से दोपहर 12 बजे तक लगातार कोहरा छाया रहा। इसके बाद शनिवार से मौसम में आंशिक परिवर्तन देखने को मिला है। आज सुबह आधे घंटे तक कोहरा छाने के बाद धूप निकली। मौसम विभाग के अनुसार, अभी 2 दिन ठंड से राहत मिलेगी, उसके बाद एक बार फिर कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होगा। इधर, बदलते मौसम में बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान और उसके उपचार के लिए मैदानी कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य विभाग ने निमोनिया के आकलन, वर्गीकरण, लक्षणों की पहचान, समुदाय आधारित निमोनिया प्रबंधन, उपचार और रेफरल के संबंधी जानकारी दी।

**स्पेशल खबर** | सकुशल वापस लौटने पर तपस्वी रत्नों का निकला वरघोड़ा

# दुर्लभ नव्वाणु यात्रा तपस्वियों की नगरी बना शाजापुर, एक साथ 5 ने पूर्ण की पवित्र यात्रा

**शाजापुर।**

**गुजरात पालीताणा स्थित जैन समाज के पावन पवित्र, शाश्वत तीर्थाधिराज शत्रुंजय गिरिराज की दुर्लभ अलौकिक नव्वाणु यात्रा पूर्ण कर शनिवार को सकुशल शाजापुर वापस लौटे 5 तपस्वी रत्नों का समाजजनों द्वारा नगर में वरघोड़ा निकालकर आत्मीय बहुमान किया गया।**

समाज के मीडिया प्रभारी मंगल नाहर ने बताया कि धार्मिक नगरी के रूप में जग विख्यात शाजापुर नगर की धन्यधरा वर्तमान में जैन समाज के नव्वाणु तपस्वियों की नगरी के रूप में एक नई पहचान स्थापित कर रही है। इसका कारण यह है कि नगर के जैन समाज में निरंतर शत्रुंजय गिरिराज तीर्थ की दुर्लभ नव्वाणु यात्रा करने वालों की संख्या में वृद्धि होती जा रही है। इसी कड़ी में नगर के पांच तपस्वी रत्नों ने दुर्लभ यात्रा निर्विघ्न पूर्ण कर सकुशल घर वापसी की। विगत लगभग 40 दिनों की इस पावन यात्रा के दौरान नियमित तपस्या करते हुए करीब 3700 सीढियों वाले शाश्वत तीर्थ की एक बार में 6 किलोमीटर चढ़ाई करना और उतरना शामिल था, जिसके अंतर्गत 2 से 3 यात्रा तपस्वियों द्वारा प्रतिदिन पूर्ण की गई।

इस वर्ष शाजापुर नगर से इस यात्रा में शामिल हुए रोहित ठाकुरिया ने 122 यात्रा, स्नेहा अक्षय नारेलिया ने 108 यात्रा एवं ज्योति मनीष ठाकुरिया, लविश



ठाकुरिया, पर्व नारेलिया ने 99 नव्वाणु यात्रा निर्विघ्न पूर्ण की। शनिवार सुबह इनकी नगर वापसी पर स्थानीय नई सडक़ स्थित बैंक ऑफ इंडिया से सभी तपस्वियों का वरघोड़ा धूमधाम से निकाला गया, जो विभिन्न प्रमुख मार्गों से होता हुआ स्थानीय ओसवाल स्थित श्रीचौबीस जिनालय धाम जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान समाजजनों द्वारा सभी तपस्वियों का आत्मीय बहुमान भी किया गया।

**विधायक भीमावद ने भी किया बहुमानः** वरघोड़े में अश्वरथ पर सवार तपस्वियों की अनुमोदना करने के लिए सुबह सवेरे क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद भी शामिल हुए और माला पहनाकर सभी का बहुमान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, नगरपालिका उपाध्यक्ष पं संतोष जोशी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी ने भी वरघोड़े में शामिल होकर तपस्वियों का बहुमान करते हुए उनके तप की अनुमोदना की।

**पूर्व में इन्होंने भी पूर्ण की पवित्र यात्राः** प्रबल धार्मिक भाव और दादा आदिनाथ के अलौकिक आशीर्वाद से श्री शत्रुंजय महातीर्थ की पवित्र नव्वाणु यात्रा पूर्ण करने वाले तपस्वियों के शुभ संकल्प ने शाजापुर नगर को नव्वाणु यात्रा तपस्वियों की नगरी के रूप में एक नई पहचान दिलाना शुरू कर दिया है।

पूर्व में भी नगर से सपरिवार यह यात्रा कुछ तपस्वी रत्नों द्वारा पूर्ण की गई, जिनमें सर्वप्रथम नगर की श्रीमती सुनीता नारेलिया, श्रीमती वीणा रांका, श्रीमती संतोष छाजेड़, श्रीमती ज्ञान श्रीश्रीमाल, सौरभ, श्रीमती रुचि, अवधि एवं केवल्य नारेलिया उसके बाद पंकज, श्रीमती प्रिया, मीतिषा व संकल्प मांडलिक तथा मनीष ठाकुरिया शामिल थे, जिनके पश्चात इस वर्ष एक साथ 5 तपस्वियों ने इस धार्मिक यात्रा को पूर्ण करते हुए अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कर लिया।